मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था **[B.Ed, CTET] pdf**

अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में मध्य प्रदेश, भारत देश की तरह मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है यह एक दशक से भी अधिक समय से कृषि और संबृद्ध क्षेत्र के विकास में अग्रणी है। यहां प्रभावशाली कृषि विकास दर के कारण यह प्रदेश लगातर कर्मठ पुरुस्कार प्राप्त कर रहा है। हालांकि राज्य में पिछले कुछ बर्षो में निवेश आकर्षित करने के लिये कई ठोस कदम उठाये हैं और 30 दिनों में ब्यावसाय शरू करने के लिये विभिन्न प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। इन प्रयासों के कारण राज्य व्यापार सुधार कार्य योजना 2019 की रैकिंग के अनुसार " ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस" सूची में चौथे स्थान पर है।

मध्य प्रदेश की भूमि उपलब्धिता **:-**
यहां भूमि उपलब्धिता के लिये, नर्मदा जल, बिजली अधिशेष, लगभग नगण्य श्रमिक -अशांति की घटनाएं, अच्छा कौशल संस्थानों की उपस्थिति और राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिये सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे की उपलब्धता के कारण इस राज्य में भारत का विनिर्माण केंद्र बनने की अपार संभावनायें हैं। ऑटो सेक्टर, खाद्य प्रसकरण, कपड़ा और परिधान, रक्षा क्षेत्र रसद और भंडारण विकास के लिये उपयुक्त है I मध्य प्रदेश सहायक प्राध्यापक परीक्षा में पूंछे जा चुके हैं |

मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था का अवलोकन **:-**
1- प्रदेश की जीएसडीपी (GSDP)
2- स्थिर मूल्यों पर 6,60,363 करोड़
3- प्रचलित मूल्यों पर 13,63,327 करोड़
4- 2024-2025 में मध्य प्रदेश का GSDP- 15,22,220 करोड़ होने का अनुमान है और यह पिछले GSDP का लगभग 0.6% है।
5- देश की जीडीपी के आकर में मध्य प्रदेश का 10वां स्थान है तथा देश की जीडीपी में 4.5 % की हिस्सेदारी है।

मध्य प्रदेश में जीडीपी का क्षेत्र विभाजन **(**प्रचलित मूल्यों पर**) :-**
1-प्राथमिक क्षेत्र -45.53%
2-द्वितीयक क्षेत्र-18.47%
3-तृतीयक क्षेत्र -36%

प्रचलित मूल्यों पर मध्य प्रदेश में क्षेत्रवार वृद्धि दर **(2023-2024):-**

1-प्राथमिक क्षेत्र - 3.4%
2-द्वितीयक क्षेत्र- 7.4%
3-तृतीयक क्षेत्र - 6.9%

नोट -राज्य की विकासदर -मध्य प्रदेश की विकास दर 2024 में स्थिर कीमतों पर 6.1% रही।

महत्वपूर्ण जानकरी **:-**
आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार - प्रचलित मूल्य पर एमपी (MP) की प्रति व्यक्ति आय 1,42, 565 रूपये हैं।

स्तिर क़ीमत पर एमपी (MP) की प्रति व्यक्ति आय 66,441 रूपये है। यह (2011-12 में 38,497 रूपये) थी।

प्रति व्यक्ति आय में MP का देश में 26थ स्थान है।

DPIIT के अनुसार - वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक मध्य प्रदेश में कुल विदेशी निवेश 3609.05 करोड़ रहा।

वर्ष 2022-23 में 303.88 करोड़ रूपये से घटकर 2023-24 में FDI 195.2 करोड़ रहा।

एमपी का 2023-24 में कुल निर्यात 65, 255 करोड़ था जोकि भारत में कुल निर्यात का 1.8% योगदान रहा।

2023-24 में एमपी के शीर्ष निर्यातक जिले -इंदौर, धार, रायसेन रहे।

एमपी में वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय 60,689 करोड़ हुआ जोकि वर्तमान तक का सर्वाधिक पूंजीगत व्यय है।

एमपी का राजकोषीय घाटा 3.6% रहा।

राजस्व अधिशेष 0.03% (413 करोड़) रहा।

2023-24 में एमपी के फ़सल उत्पादन में 0.20% की वृद्धि हुई।

मध्य प्रदेश का स्थान **:-**
1- खाद्यान उत्पादन में 204 (7.7%)
2- दलहन, तिलहन उत्पादन में प्रथम
3- सोयाबीन तथा मसाला उत्पादन में प्रथम
4- एमपी देश का तीसरा बड़ा दुग्ध उत्पादन राज्य है।

FDI ने **2023-24,** मध्य प्रदेश में कितना इन्वेस्ट किया**?**
वर्ष 2023-24 में, FDI ने यहां 195.2 करोड़ इन्वेस्ट किया जोकि 2022-23 की तुलना में बहूत कम है। वर्ष 2022-23 में FDI ने 303.88 करोड़ का इन्वेस्ट किया था।

प्राथमिक क्षेत्र क्या होते हैं**?**
प्राथमिक क्षेत्र वह क्षेत्र होते हैं, जो प्रकृति से जुड़े होते हैं जैसे -कृषि,पेड़ -पौधे, जंगली वस्तुएँ आदि।

"ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस**"** में मध्य प्रदेश का कौन सा स्थान है**?**
मध्य प्रदेश में व्यापार सुधार कार्य योजना में चौथे स्थान पर है। पिछले कुछ वर्षों में इस प्रदेश में बहुत सुधार हुए हैं।

मध्य प्रदेश का देश में **GDP** का कौन सा स्थान है**?**
भारत देश की GDP में मध्य प्रदेश का 10वां स्थान है और देश की जीडीपी में 4.5 % प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

GSDP of MP कितनी है**?**

वर्ष 2024-2025 में MP का GSDP- 15,22,220 करोड़ होने का अनुमान है, यह पिछले GSDP का लगभग 0.6% है।

MP की स्थिर मूल्यों की जीएसडीपी कितनी है**?**
स्थिर मूल्यों पर 6,60,363 करोड़ है। यह वर्ष 2024-2025 के आंकड़े हैं।

MP की प्रचलित मूल्यों की जीएसडीपी कितनी है**?**
प्रचलित मूल्यों पर 13,63,327 करोड़ है। यह वर्ष 2024-2025 के आंकड़े हैं।